**परिणाम** उत्कृष्ट अंक लाकर माता-पिता को किया गौरवान्वित, मोहित बने पनागर के टॉपर, सिहोरा के छात्रों ने भी किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

# ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों ने नाम किया रोशन



**पनागर, नवभारत।** बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन मप्र द्वारा द्वारा घोषित हाई स्कूल परीक्षा 2026 के परिणामों में पनागर क्षेत्र के छात्र मोहित साहू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की है। मोहित ने कुल 500 अंकों में से 453 अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

जानकारी के अनुसार मोहित साहू ने सभी विषयों में उत्कृष्ट अंक अर्जित किए हैं। हिंदी और अंग्रेजी में 86-86 अंक, संस्कृत में 97 अंक, गणित में 83 अंक, विज्ञान में 91 अंक तथा सामाजिक विज्ञान में 93 अंक प्राप्त किए हैं। विशेष बात यह रही कि अधिकांश विषयों में उन्हें डिस्टिंक्शन ) भी मिला है, जो उनकी मेहनत और लगन को दर्शाता है।


मोहित के पिता मनीष साहू और माता विनीता साहू ने बेटे की इस सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि यह उसकी लगातार मेहनत और अनुशासन का परिणाम है। परिवार में खुशी का माहौल है और रिश्तेदारों एवं परिचितों द्वारा बधाइयों का तांता लगा हुआ है।

स्कूल के शिक्षकों ने भी मोहित की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि वह शुरू से ही पढ़ाई में होनहार रहा है और भविष्य में भी बड़ी सफलता हासिल करेगा। मोहित ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को देते हुए कहा कि वह आगे भी इसी तरह मेहनत कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करना चाहता है। वहीं शासकीय हाई स्कूल सरसवां पनागर की दसवीं की छात्रा दीपिका बर्मन पिता महेंद्र बर्मन ने 500 में से 428 अंक हासिल कर अपने माता पिता सहित स्कूल का नाम रोशन किया है।

### कक्षा दसवीं में इन्होंने मारी बाजी

कक्षा दसवीं बोर्ड में विद्यालय की छात्रा कुमारी वैष्णवी साहू ने 93प्रतिशत एवं साक्षी तिवारी ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है ।इसी तरह कक्षा 12वीं में कुमारी सृष्टि पटेल 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम रही एवं अन्यया खरे 79 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इसी क्रम में रितीमा कोल 77 प्रतिशत भूमिका प्यासी 75 प्रतिशत भूमि कुशवाहा 71 प्रतिशत ने अच्छा प्रदर्शन किया है। शेष सभी छात्र-छात्राओं ने फर्स्ट डिवीजन अंक प्राप्त कर परीक्षा में उत्तीर्ण रहे ।कक्षा दसवीं में भी श्रेया पटेल 87 प्रतिशतसनिया रजक 80 प्रतिशत संस्कृति नामदेव 76 प्रतिशत हिमांशु गहनी 76 प्रतिशत एवं पूर्वी असाटी 74 प्रतिशत प्राप्त कर सफल रहे शेष सभी बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन, कर सफल रहे कक्षा 10वीं एवं 12वीं के सभी छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन द्वारा शुभकामनाएं एवं बधाई दीं हैं।

### दसवीं में 94 .8 अंक प्राप्त कर छवि चौहान ने बढ़ाया नगर का गौरव



**नवभारत, सिहोरा।** घोषित हुए माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल की दसवीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में नगर के सालेम स्कुल के छात्रा छवि चौहान ने 500 में से 474 अंक 94.8 प्रतिशत अंक हासिल करने के साथ सभी विषयों में विशेष योग्यता हासिल कर नगर के साथ विद्यालय और परिवार को गौरवान्वित किया है। छवि नरेश चौहान,शिक्षक प्रीति चौहान की सुपुत्री हैं।

### पलक ने बढ़ाया नगर का मान



**सिहोरा।** सिहोरा विकासखंड के अंतर्गत गोसलपुर कस्बे की निवासी पलक राजपूत ने माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल के द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में पलक राजपूत ने गणित संकाय में 93% अंक अर्जित किया आप नालंदा बैथेल मिशन स्कूल की छात्रा हैं आप गोसलपुर जनपद सदस्य धर्मेंद्र सिंह राजपूत एवं श्रीमती प्रीति राजपूत शिक्षका की सुपुत्री हैं आपकी सफलता से विद्यालय एवं क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। छवि के उज्जवल भविष्य की कामना लोगों ने की है।



# कलेक्टर ने इंद्राना में श्रीराम महायज्ञ स्थल का लिया जायजा

**नवभारत, इंद्राना।** जबलपुर से 30 किलोमीटर दूर मझौली के पहले इंद्राना (कापा) में विशाल मैदान पर श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का सात दिवसीय आयोजन 20 अप्रैल से किया जा रहा है जिसको लेकर

तैयारियों जोरो से चल रहीं हैं। इंद्राना, कापा सहित आस पास के अनेकों गांव के ग्रामीणों के सहयोग से यह बड़ा आयोजन मूर्त रूप लेगा।



मझौली में जबलपुर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत, मझौली एसडीएम सहित अन्य अधिकारी दौरे पर थे। कलेक्टर सहित सभी दोपहर में इंद्राना महायज्ञ स्थल पहुंचे और चारों और चल रही तैयारियां को देखा, व्यवस्थाओं के बारे समझा और क्षेत्र के मातहतों को मौके पर निर्देश दिए।

श्री श्री बाल संत सिद्धन धाम लोढ़ा पहाड़ महाराज सिहोरा स्वयं प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थाओं का उपस्थित रहकर जायजा ले रहे हैं। यज्ञ स्थल 108 हवन कुंड सहित विशाल यज्ञ शाला, श्रीराम कथा, भोजन प्रसादि के विशाल पंडाल निर्माण हेतु दिन रात तैयारियां चल रही है। लोढ़ा पहाड़ वाले महाराज की देखरेख में भव्य यज्ञ शाला का निर्माण जारी है। 20 अप्रैल को ग्यारह सौ कलश यात्रा के साथ धार्मिक कार्यक्रम प्रारंभ होंगे। यज्ञ स्थल श्रद्धालुओं के लिए विशाल पंडाल के निर्माण किए जा रहे हैं। सात दिवसीय धार्मिक आयोजन में आस पास के अनेकों ग्रामों से हजारों लोग के पहुंचने का अनुमान भी बताया गया है।




# अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में भेदभाव के आरोप

▶ छोटे व्यापारियों में आक्रोश, अस्पताल परिसर के एक हिस्से में कार्रवाई, बाकी क्षेत्रों की अनदेखी

**शहपुरा नवभारत 15 अप्रैल।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा परिसर के बाहर चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान पर अब सवाल उठने लगे हैं। तहसील राजस्व, नगर परिषद और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई कार्रवाई के बाद प्रभावित छोटे व्यापारियों ने प्रशासन पर भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। अस्पताल प्रांगण के बाहर तहसील रोड पर स्थित टपरी और गुमटी हटाने की कार्रवाई से नाराज व्यापारियों ने कहा कि प्रशासन ने केवल छोटे और रोजमर्रा का व्यवसाय करने वालों को ही निशाना बनाया है, जबकि अन्य स्थानों पर वर्षों से जमे अतिक्रमण को नजरअंदाज किया जा रहा है।

**प्रशासन कुछ लोगों पर मेहरबान**-व्यापारी दिनेश साहू सहित अन्य लोगों का कहना है कि सरकारी अस्पताल की बाउंड्री के बाहर छोटे व्यापारियों की टपरी-गुमटियां हटाई गईं, लेकिन अस्पताल परिसर के रेस्ट हाउस रोड सहित अन्य हिस्सों में लंबे समय से अतिक्रमण करने वाले लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन उन लोगों पर मेहरबान है और उनके खिलाफ जानबूझकर कार्रवाई नहीं की जा रही है।

**मांग और नाराजगी**-व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि अस्पताल परिसर के चारों ओर फैले सभी अवैध अतिक्रमणों को हटाया जाए और कार्रवाई में पारदर्शिता व निष्पक्षता बरती जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इसी तरह भेदभावपूर्ण कार्रवाई जारी रही, तो वे विरोध करने को मजबूर होंगे। फिलहाल शहपुरा में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है और



अब देखना होगा कि प्रशासन इस पर क्या रुख अपनाता है।

# पोषण आहार को प्रदर्शित कर निकाली गई रैली

**नवभारत, बेलखाडू।** 9 से 23 अप्रैल तक चलने वाले पंद्रह दिवसीय पोषण पखवाड़ा जन आंदोलन है। जिसका उद्देश्य मातृ शिशु पोषण, कुपोषण उन्मूलन और संतुलित आहार के प्रति आंगनबाडियों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और छोटे बच्चों को स्वस्थ्य आदतों, पौष्टिक भोजन और मानसिक विकास के लिए प्रेरित करता है।

इसी क्रम में सेक्टर बेलखाडू में परियोजना अधिकारी आराधना गर्ग के मार्गदर्शन में सुपरवाइजर रश्मि पांडे की उपस्थिति में आंगनबाड़ी मोहास में विभिन्न प्रकार के पोषण आहार से अवगत कराया गया जिसके बाद एक रैली निकाली गई जिसमें भ्रमण दौरान विभिन्न संदेश दिए गए। इस अवसर पर सुनीता नगाइच, संध्या खरे, प्रियदर्शिनी शर्मा, प्रीती नगाइच, लक्ष्मी कोरी, पार्वती पटेल, सीमा परिवार, मनीषा सोलंकी, रजनी तिवारी, संगीता राजपूत, मंजू पटेल, हेमलता विश्वकर्मा, संगीता राजपूत, सुनीता यादव, उमा पटेल सहित अन्य आशा कार्यकर्ता, सहायिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश

महत्वपूर्ण सूचना
द्वितीय परीक्षा

वर्ष 2026 की हाईस्कूल/ हायर सेकेण्डरी के अनुत्तीर्ण विषयों की परीक्षा देने अथवा अंक सुधार के लिए
द्वितीय परीक्षा का आयोजन

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा अब तक आयोजित होने वाली पूरक परीक्षा के स्थान पर अनुत्तीर्ण विषयों अथवा अंक सुधारने के लिए द्वितीय परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।
- द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए छात्र मुख्य परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही एम.पी. ऑनलाइन के कियोस्क पर अपनी मुख्य परीक्षा के परीक्षाफल के आधार पर द्वितीय परीक्षा के विषय, अनुक्रमांक (रोल नंबर) की जानकारी देकर शुल्क का नगद भुगतान कर परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेंगे।
- द्वितीय परीक्षा में छात्र को अनुत्तीर्ण विषयों का चयन अनिवार्य है परन्तु उत्तीर्ण विषयों का चयन स्वैच्छिक है।
- द्वितीय परीक्षा की अंक सूची मुख्य परीक्षा की भांति जारी की जायेगी।
- मंडल द्वारा जारी अंक सूची का अधिभार सर्वमान्य है।
- वर्ष 2026 की हाईस्कूल द्वितीय परीक्षा दिनांक 07 मई 2026 से 19 मई 2026 तक एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा दिनांक 07 मई 2026 से 25 मई 2026 तक प्रातः 09:00 से 12:00 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी।
- अंतिम तिथि 2026 की हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिए एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से मुख्य परीक्षा का रिजल्ट घोषित होने की दिनांक से 07 दिवस की अवधि में परीक्षा आवेदन-पत्र भरे जा सकेंगे।

विस्तृत जानकारी एवं परीक्षा का कार्यक्रम मण्डल की वेबसाइट www.mpbse.nic.in पर उपलब्ध है।

म.प्र. माध्यम/125331/2026

# कटंगी में सेन समाज ने मनाई नंदा महाराज की जयंती



**नवभारत ,कटंगी।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी कटंगी नगर में स्थानीय सेन समाज द्वारा संत नंदा जी महाराज की 726 वी जयंती पर हर्ष और उल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। जयंती के अवसर पर नगर के साथ आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों से सेन समाज के लोगो द्वारा बस स्टैंड कटंगी स्थित सुनील कटिंग शॉप के सामने सैन जयंती पर भव्य आयोजन कर पूजन अर्चन, आरती का आयोजन संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षक उसरेठे , मदन लाल, नीलेश सेन, सुनील सेन, बृज सेन, रमन सेन, शंकर सेन, प्रीतम सेन, राहुल सेन सहित अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सेन समाज के अध्यक्ष अशोक सेन द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। सभी वरिष्ठजनों ने विचार व्यक्त पश्चात प्रसाद वितरण किया।

### उमरिया के आयूष ने हासिल किया प्रथम स्थान



**उमरिया।** जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम चिल्हारी निवासी नवभारत प्रतिनिधि रमकान्त तिवारी के नाती एवं आशीष कुमार तिवारी माता आभा तिवारी के पुत्र आयूष तिवारी ने सज्जन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरिया में अध्ययन करते हुए कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस सफलता में विद्यालय में पदस्थ शिक्षकों व स्कूल प्रबंधन का योगदान रहा।



# विधायक ने किया सड़क का लोकार्पण

▶ ग्रामीणों के चेहरे खिले, लोगों ने किया आभार व्यक्त

**सुकरी।** विधायक नीरज सिंह लोधी ने सुकरी मंगेला अंतर्गत पटेरिया टोला में सड़क निर्माण का लोकार्पण किया । यह सीसी रोड करीब 500 मीटर की 15 लाख रुपए की लागत से बनकर तैयार होगी।

जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कोई परेशानी नहीं होगी। लोकार्पण के दौरान स्थानीय ग्रामीणों में खुशी की लहर झूम उठी और उन्होंने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष , जनपद पंचायत अध्यक्ष ,मंडल अध्यक्ष सहित ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# शहपुरा में हेल्प डेस्क की शुरुआत से आम लोगों को मिलेगा त्वरित मार्गदर्शन

**शहपुरा, डिण्डौरी, नवभारत 15 अप्रैल।** विगत दिवस अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ऐश्वर्य वर्मा द्वारा आमजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तहसील एवं एसडीएम कार्यालय परिसर में हेल्प डेस्क की शुरुआत की गई है। इस हेल्प डेस्क के माध्यम से आवेदक अपने आवेदन आसानी से दर्ज करा सकेंगे। साथ ही न्यायालय से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या के लिए उन्हें उचित मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को एक ही स्थान पर जानकारी एवं सहायता उपलब्ध कराना है, जिससे उन्हें इधर-उधर भटकना न पड़े और उनकी समस्याओं का शीघ्र निराकरण हो सके।

**पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित होगी : वर्मा**-ऐश्वर्य वर्मा ने बताया कि हेल्प डेस्क के माध्यम से अनैतिक गतिविधियों से संबंधित शिकायतें भी सीधे एसडीएम एवं तहसीलदार को दिए गए नंबर पर कॉल या मैसेज के जरिए दर्ज कराई जा सकेंगी, जिससे पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित होगी। इस नवाचार की क्षेत्र के कृषकों, आवेदकों, अधिवक्ताओं तथा अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा सराहना की जा रही है। हेल्प डेस्क के शुभारंभ अवसर पर तहसीलदार आरपी मार्को, नायब तहसीलदार बीएस धुर्वे सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

